卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 316 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦28 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## रामनगर में अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी

### लोनिवि की जमीन पर बने 35 आशियाने खाली कराये

रामनगर(उद संविाददाता)। मंडी समिति के बाहर लोनिवि की जगह पर बसे 35 परिवारों को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए हटा दिया । हालांकि अधिकतर अतिक्रमण कारियों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लिया था। जो निर्माण नहीं हटाये गये थे उन्हें जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुबह छह बजे की गयी। जिससे वहां अफरा तफरी मच गयी। कई अतिक्रमणकारियों ने अपने आशियाने खुद हटा लिये थे। बाकी को प्रशासन ने जेसीबी की मदद से हटा दिया।



एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि फरवरी माह में इस क्षेत्र का सीमांकन कर लोक निर्माण विभाग की सड़क पर 35 अतिक्रमणकारी चिन्हित किए गए थे इसके बाद में अतिक्रमण कारियों को नोटिस देने के साथ ही पक्ष रखने के लिए कहा गया था। अतिक्रमणकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर इन सभी को नोटिस भेज कर अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने की चेतावनी दी गई थी। 26 से लेकर 28 अगस्त तक अतिक्रमणकारियों को स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। इसके बाद प्रशासन की टीम ने मुनादी कराई और (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवकों की मौत

देहरादून। विकासनगर मार्ग पर जस्सोवाला के निकट हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात्रि थाना सहसपुर पुलिस को सूचना मिली की देहरादून–विकास नगर मार्ग पर जस्सोवाला के निकट बाइक सवार दो युवक बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर तत्काल थाना सहसपुर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि दो बाइक सवार जो सहसपुर से हरबर्टपुर विकासनगर की तरफ जा रहे थे, बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने पर दोनों बाइक सवार सड़क पर पड़े थे। घायलों को तत्काल 108 के माध्यम से विकासनगर अस्पताल भेजा गया, जहाँ चिकित्सकों दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 25 वर्षीय अभिषेक नेगी पुत्र विक्रम सिंह नेगी निवासी ग्राम कांडा, जनपद रुद्रप्रयाग एवं 23 वर्षीरू रोहित सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी ग्राम कांडा रूद्रप्रयाग के रूप में हुयी है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पुलिस को भेज दिया। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला है कि दोनों बाइक सवार लांघा रोड सहसपुर में कंपनी में काम करते थे तथा जनपद रुद्रप्रयाग के रहने वाले थे। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

## निजी अस्पताल में नवजात बच्ची की मौत,हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार स्थित एक निजी अस्पताल में नवजात बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। मामले को लेकर पुलिस से भी शिकायत की गयी। बाद में परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिलासपुर निवासी सतपाल की पत्नी ने मंगलवार दोपहर बिलासपुर के एक अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया था। जन्म के बाद बच्ची की तबियत बिगड़ने पर अस्पताल प्रबंधन ने उसे प्रीत विहार स्थित मर्सी चाईल्ड केयर हॉस्पिटल में रैफर कर दिया। बताया गया कि यहां नवजात बच्ची को ड्रिप लगाई गयी जिससे उसके हाथ पांव फूलने लगे और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने अस्पताल के डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। बाद में कोतवाली पहुंचकर पुलिस से भी शिकायत की। लेकिन परिवारजन बच्ची का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में युवक की मौत

रूद्रपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गयी सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार अमरपुर निवासी 24 वर्षीय अंग्रेज सिंह पुत्र हरवंश सिंह की मंगलवार शाम संदिग्ध हालातों में तबियत बिगड़ गयी, परिजन आनन फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले गये। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस घर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिय। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था और खेती बाड़ी करता था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।



## कांग्रेसियों ने फूंका कंगना रनौत का पुतला

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा सांसद कंगना रनौत के किसानों के प्रति दिए गए अमर्यादित बयान पर नगर कांग्रेस कमेटी ने पुतला फूंक कर कंगना रनौत की संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग की। अपराहन नगर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्य कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए और वहां से एक जुलूस के रूप में इकट्ठा होकर डीडी चौक पर पहुंचे जहां पर उन्होंने बीजेपी सांसद के खिलाफ जमकर नरेज बाजी की और उनके द्वारा किसानों के प्रति दिए गए बयान के लिए माफी मांगने की मांग की तथा इस दौरान भाजपा सांसद कंगना रनौत का पुतला भी फूंका गया। कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अधिकांश सांसद किसानों के हितैषी नहीं है जिसके मुंह में जो आ रहा है वह किसानों के प्रति अपना वक्तव्य दे रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने तो मर्यादाओं की सारी सीमाएं ही तोड़ दी है। उन्होंने किसानों के प्रति जो अपशब्दों का इस्तेमाल किया है वह एक महिला नेता को शोभा नहीं देता। उन्होंने महिलाओं की गरिमा को भी ठेस पहुंचायी है जिसके लिए उन्हें सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। कहां कि यदि भाजपा सांसद द्वारा किसानों के प्रति की गई टिप्पणी पर माफी नहीं मानी गई तो यह आंदोलन पूरे भारतवर्ष में फैल सकता है। उन्होंने कहा कि अभी यह आंदोलन नगर इकाई स्तर पर किया जा रहा (शेष पृष्ठ सात पर)



## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सेविका/ मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखण्ड के बैनरतले बुधवार को आंगनबाड़ी वर्करों ने मानदेय बढ़ोत्तरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। जिले भर से बड़ी संख्या में आंगबाड़ी कार्यकर्ता एवं सेविकाएं बुधवार को नैनीताल रोड पर एकत्र हुई यहां से जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुई। इस दौरान धरना प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्त्रियों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कायकर्तियों ने कहा कि आगनबाड़ी कार्यकर्ता विगत कई वर्षों से मानदेय बढ़ोतरी को लेकर आवाज उठा रही है, लेकिन उनकी मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द मांगें पूरी नहीं की गयी तो आंदोलन तेज किया जायेगा। मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कार्यकत्रियों ने कहा कि आंगनबाडी कार्यककर्ताओं का मानदेय न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए 600 रू प्रति दिन के हिसाब से 18000 रू किया जाए और वरिष्ठता के आधार पर 15 वर्ष पूरे होने पर प्रतिवर्ष सबका मानदेय बढ़ाया जाए, आगनबाड़ी कार्यकताओं को सेवानिवृत होने पर 10 लाख की धनराशि दी जाए ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अच्छी क्वालिटी का फोन उपलब्ध कराया जाए, साथ ही मोबाइल रिचार्ज की दर 200 से बढ़ाकर 400 की जाए और प्रत्येक माह मोबाइल रिचार्ज का पैसा मानदेय के साथ आंगनबाड़ी की खाते में डाला जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यात्रा भत्ता एवं ढुलान छह महीने के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रओं की सेवानिवृत्ति की आयु 80 की जगह 62 साल की जाये। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड की सुविधा प्रदान की जाये। धरना प्रदर्शन में प्रदेश महामंत्री रंजीता अरोरा, जिलाध्यक्ष चन्द्रावती, उर्मिला मिश्रा, सीता रानी, नीरू बाला, शीला देवी, रेखा देवी, पुष्पा कन्याल, कमला भट्ट, मन्नू सागर, अनीता देवी, आशा देवी, गुरनाम, विद्यावती, कृष्णा, पानमती, बेबी, ललिता अमरीशा, अमेलता, अनीता कन्नैथ्जया, परवीन देवी, प्रमिला, प्रेमशीला, माया देवी, मन्नू बगड़वाल आदि सहित सैकड़ों र्काकर्तियां शामिल थी।



## मंदिर में हुई चोरी का खुलासा नाबालिग सहित दो दबोचे

किच्छा(उद संवाददाता)। लालपुर स्थित मंदिर से चोरी किए गए सामान सहित पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक को जेल भेज दिया गया तथा दूसरे नाबालिक को सुपर्दी में भेजा गया है । बता दें बीते दिनों लालपुर स्थित मंदिर में चोरों ने मंदिर का सामान चोरी कर लिया था। चोरी की घटना सीसी फुटेज में भी कैद हो गई थी। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करते हुए कानून उर्फ करीम पुत्र सादिक तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर मंदिर से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है। जिसमें एक कलश एक घंटा तथा धातु की मूर्ति सहित अन्य सामान है। पुलिस ने नाबालिक को अपचासी संरक्षण में भेजते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)

## तस्लीम जहां के परिजनों से मिले नेता प्रतिपक्ष

### जल्द कांग्रेस विधायकों के साथ रुद्रपुर में देंगे धरना

गदरपुर(उद संवाददाता)। तस्लीम जहां हत्याकांड की सीबीआई जांच मुखर हो रही मांग के बीच नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य मृतक नर्स तस्लीम जहां के परिजनों से मिलने गदरपुर पहुंचे और तस्लीम जहां के पिता नफीस से पूरी जानकारी प्राप्त की और भरोसा दिलाया कि सरकार पर दबाव बनाकर सीबीआई जांच की मांग करेंगे। पूरी कांग्रेस सहित छात्र छात्राओं का साथ भी मिल रहा है जल्द ही असली आरोपियों पर कार्रवाई होगी। बुधवार को बाजपुर विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य मृतक नर्स तस्लीम जहां के परिजनों से मिलने गदरपुर पहुंचे और परिजनों को आश्वासन दिया कि उन्हें जल्द न्याय मिलेगा और तस्लीम जहां हत्याकांड का पर्दाफाश होगा। यशपाल आर्य ने पत्रकारों को बताया कि प्रदेश में अधिकारी बेलगाम (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

ग्राहकों से विनम्र निवेदन
उपभोक्ताओं के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके नावल्टी स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट,मुख्य बाजार,रूद्रपुर के खिलाफ कुछ लोगों द्वारा भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, जो अनुचित है।
ऐसे लोगों को चेतावनी दी जाती है कि यदि भविष्य में पुनः ऐसा कोई भ्रामक प्रचार किया गया तो प्रबन्धन द्वारा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।
नावल्टी स्वीट्स अपने ग्राहकों को शुद्ध एवं पौष्टिक मिठाई एवं फास्ट फूड्स देने के लिये पूर्व में भी तत्पर था और आगे भी दृढसंकल्पित है। अतः हमारा सभी उपभोक्ताओं से निवेदन है कि ऐसे लोगों के बहकावे में न आये और अपनी दुकान पर विश्वास बनाये रखें।
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नावल्टी स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट
मुख्य बाजार,रूद्रपुर(उधमसिंहनगर)

# सभी जिलों में करें मिलावटी खाद्य उत्पादों की जांच : रतूड़ी

## मुख्य सचिव ने खाद्य सुरक्षा, जिलाधिकारी व एडीएम को मिलावट से जुड़े वादों के तेजी से निपटाने तथा भोजनमाताओं व आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं सभी आवासीय विद्यालयों में फूड सेफ्टी के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार पर गठित राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक ली। खाद्य सुरक्षा के संबंध में न्याय निर्णयन हेतु दायर वादों के विलंब के मामलों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव ने न्याय निर्णायक अधिकारी/जिलाधिकारी/एडीएम को वादों की त्वरित सुनवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशों के समय पर अनुपालन न होने की दशा में उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारियों को मुख्य सचिव की ओर से पत्र प्रेषित किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम-2006 नियम 2011 की धारा 68 के तहत न्याय निर्णयन हेतु दायर वादों के विलंब से निस्तारण के फलस्वरूप बढ़ती वादों की संख्या तथा इस कारण प्रवर्तन कार्यो पर प्रतिकूल प्रभाव पर स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति व पुलिस विभाग से रिपोर्ट तलब की। मुख्य सचिव ने त्योहारों के दौरान विशेष अभियान संचालित कर दुग्ध, मिठाई व अन्य खाद्य उत्पादों की टेस्टिंग तथा मिलावटी कार्यों में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को देहरादून में गढ़वाल मंडल की फूड टेस्टिंग लैब के संचालन को शुरू करने के लिए 2 माह की डेडलाइन दी है। इस फूड टेस्टिंग लैब की अधिसूचना की कार्रवाई गतिमान है। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए 13 पदों की स्वीकृति दे दी गई है। इस संबंध में 23 करोड़ का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा चुका है। आरंभ में इस लैब की क्षमता 5000 सेंपलिंग टेस्ट की होगी। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने रुद्रपुर में अल्ट्रा मॉडर्न माइक्रो बाइलॉजिकल फूड लैब की स्थापना तथा लैब में आधुनिकतम उपकरण की उपलब्धता के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार द्वारा फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स प्रोग्राम के संचालन हेतु भी संविदा के आधार पर 8 पदों की स्वीकृति दी गई है। मुख्य सचिव ने भोजनमाताओं व आंगनबाड़ी वर्कर्स को भी फूड टेस्टिंग में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग को सभी आवासीय विद्यालयों में फूड सेफ्टी के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने होटल मैनेजमेंट के प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को फूड सेफ्टी की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने आमजन के लिए सेंपल टेस्टिंग किट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य के उत्तराखण्ड की सीमा पर स्थित जिलों में मिलावटी दूध



व दुग्ध व खाद्य उत्पादों की संयुक्त निगरानी एवं प्रवर्तन कार्यां को संचालित करने की दृष्टि से मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी द्वारा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को पत्र भेजा जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में सयुंक्त प्रवर्तन कार्रवाई हेतु निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने ईट राइट इंडिया अभियान के तहत ईट राइट कैंपस/ईट राइट स्कूल प्रमाणीकरण में सभी स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, शासकीय एवं गैर शासकीय कैंपस को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। राज्य में अभी तक उत्तराखण्ड सचिवालय पहला कैंपस है जिसे एफडीए द्वारा ईट राइट इंडिया का प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। 1418 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। 190 विधिक तथा 519 सर्विलांस नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। 20 खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किए गए हैं तथा न्यायालय द्वारा 09 खाद्य कारोबारियों पर 3.30 लाख का जुर्माना लगाया गया है। चारधाम यात्रा मार्ग पर मोबाइल खाद्य विश्लेषणशाला के माध्यम से आम जनमानस एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री की मौके पर जांच/प्रशिक्षण/जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 601 खाद्य पदार्थों की मौके पर सर्विलांस जांच की गई। जिसमें से 529 खाद्य पदार्थ जांच में सही पाए गए तथा 72 मानकों के अनुरूप नही पाए गए। उक्त कार्यक्रम को प्रभावी रूप से चलाने हेतु 02 नवीन संचल खाद्य विश्लेषणाशालाओं के संचालन हेतु टेक्निकल स्टाफ की आउटसोर्स के माध्यम से तैनाती की अनुमति प्राप्त हो गई है तथा पदों को भरे जाने की कार्रवाई गतिमान है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखण्ड के अधीन कार्यरत खाद्य संरक्षा तथा सर्तकता सह अभिसूचना इकाई के अधिकारियों द्वारा प्रदेश के प्रवेश मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन मामलों की प्रभावी पैरवी एपीओ के माध्यम से कराए जाने हेतु जनपदीय अभिहित अधिकारियों को प्रकरण जिला स्तरीय सलाहकार समिति के समक्ष रखने हेतु निर्देशित किया गया है। खाद्य सुरक्षा के संबंध में आम जनमानस द्वारा विभागीय हेल्प लाइन पर प्राप्त शिकायतों/जानकारी की पंजीकरण प्रक्रिया का ऑटो डिजीटाइजेशन कर हेल्पलाइन नंबर 18001804246 को 24.7 संचालित किए जाने एवं आई०ई०सी० के माध्यम से टोल फ्री नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उद्योग जगत से सहयोग लेते हुए सीएसआर फंड के तहत चारधाम यात्रा मार्ग पर 1200 स्ट्रीट वेंडर को फॉस्टेक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु कार्रवाई गतिमान है। जनपद देहरादून में नैस्ले इंडिया के सहयोग से स्ट्रीट फूड वेंडर को फॉस्टेक प्रशिक्षण का आरंभ किया गया है तथा जनपद रुद्रप्रयाग, पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी एवं टिहरी में फॉस्टेक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की कार्रवाई गतिमान है। बैठक में प्रमुख सचिव श्री एल फैनई, सचिव डॉ. आर राजेश कुमार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, पुलिस, महिला एवं बाल कल्याण विकास के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में बढ़ेगी डॉक्टरों की सुरक्षा, रिपोर्ट मांगी

देहरादून। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्स और अन्य स्टाफ के साथ छात्रावास में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए जाएंगे। कोलकाता में महिला डॉक्टरों के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। इसमें चार राजकीय मेडिकल कॉलेजों की सुरक्षा संबंधी रिपोर्ट मिली गई है। कमियों को दूर करने के लिए शासन स्तर पर फैसला लिया जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेजी जाएगी। चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि कोलकाता में हुई घटना के बाद प्रदेश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी। इसके लिए कॉलेजों को सुरक्षा संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। कॉलेजों, अस्पतालों में इमरजेंसी, डॉक्टरों व नर्सों के स्टाफ रूम, सीसीटीवी कैमरे, अस्पतालों व छात्रावास के आसपास लाइटिंग की व्यवस्था, पास सिस्टम समेत अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं पर मेडिकल कॉलेजों से स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून, श्रीनगर, हल्द्वानी और अल्मोड़ा की स्टेटस रिपोर्ट मिल गई है। व्यवस्थाओं को जो कमियां होंगी, उसे दूर करने के लिए शासन स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय की ओर से जल्द ही स्टेटस रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिसके बाद केंद्र सरकार को भी मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा व्यवस्था की रिपोर्ट भेजी जाएगी। डॉ. सयाना ने बताया कि मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्सों व अन्य स्टाफ के सुरक्षा के मानक बने हैं। लेकिन इन मानकों का अनुपालन किया जा रहा है या नहीं। इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# बाल आयोग ने दिए मदरसों और सभी शिक्षण संस्थानों की जांच के आदेश

देहरादून। उधम सिंह नगर में मदरसे और शिक्षण संस्थानों में बच्चों के साथ लगातार वारदात सामने आने पर राज्य बाल आयोग ने जिले के सभी मदरसों, शिक्षण संस्थानों, बाल गृह और दिव्यांग केंद्रों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया है। आयोग ने मदरसे में मौलवी द्वारा बालिकाओं से दुराचार और एक अन्य संस्थान में हेडमास्टर द्वारा कथित रूप से बच्चों को यूनिफार्म उतारने के लिए मजबूर करने के मामले में यह निर्देश जारी किए हैं। बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने जांच में कुछ प्रमुख बिंदुओं को शामिल करने का निर्देश दिया है। मसलन, उनमें बालक और बालिकाओं की संख्या कितनी है, उनकी मानसिक शारीरिक और भौतिक स्थितियां कैसी हैं, वे किसी राज्य के निवासी हैं। इसके अलावा उनके मदरसे, बाल गृह और अन्य संस्थानों में रहने की वजह भी पता होनी चाहिए। जांच रिपोर्ट में मदरसे, बाल गृह और शिक्षण संस्थानों के स्वामित्व की पूरी पृष्ठभूमि और विवरण भी शामिल होगा। डॉ. खन्ना का कहना है कि जिस तरह से मदरसों और शिक्षण संस्थानों में मासूमों के साथ घिनौने अपराध लगातार सामने आ रहे हैं, उससे जाहिर हो रहा है कि शिक्षण संस्थानों की आड़ में आपराधिक प्रवृत्ति और दुराचारी किस्म के लोग सक्रिय हैं, जिनकी पहचान और रोकथाम के लिए त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि बच्चे सुरक्षित रहें। इसके लिए विस्तृत जांच का आदेश दिया गया है। 15 सितंबर तक कार्यवाही रिपोर्ट मांगी गई है।

# बिनसर अभयारण्य वनाग्निकांड की जांच रिपोर्ट पर वन संरक्षक और डीएफओ बहाल

देहरादून। कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य में 13 जून को चार वनकर्मियों की जंगल की आग से मौत और चार के झुलसने के मामले में निलंबित चल रहे वन संरक्षक और डीएफओ को जुलाई में शासन को सौंपी गई जांच रिपोर्ट के बाद अब बहाल कर दिया गया है। शासन के मुताबिक, यह घटना आकस्मिक दुर्घटना थी। हादसे के बाद शासन ने प्रथम दृष्टया मामले में लापरवाही बरतने पर वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊं कोको रोसो और डीएफओ सिविल सोयम ध्रुव सिंह मार्तोलिया को निलंबित कर दिया था। मामले की जांच प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन को सौंपी गई थी। प्रमुख वन संरक्षक ने जांच को जुलाई में शासन को सौंप दिया था। अब शासन ने दोनों निलंबित अफसरों को सवेतन सेवा में बहाल कर दिया है। उप सचिव सत्यप्रकाश के जारी आदेश में कहा गया कि प्रमुख वन संरक्षक की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया कि प्रश्नगत घटना जजमेंट एरर होने से आकस्मिक दुर्घटना थी, ऐसे में प्रारंभिक जांच पर वन संरक्षक कोको रोसो को उत्तरी कुमाऊं के पद पर पुनः तैनात किया गया है। वहीं, ध्रुव सिंह मर्तोलिया को बागेश्वर डीएफओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उधर, इस मामले में तत्कालीन मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं प्रसन्न पात्रो को वन मुख्यालय से अटैच किया गया था। बाद में शासन ने जायका परियोजना के सीईओ पद की जिम्मेदारी सौंपी।

# गोल्डन फॉरेस्ट कंपनी के कब्जे में 250 एकड़ सरकारी जमीन

देहरादून। रजिस्ट्री फर्जीवाड़े की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल ने गोल्डन फॉरेस्ट कंपनी का एक नया फर्जीवाड़ा पकड़ा है। जांच में सामने आया है कि गोल्डन फॉरेस्ट की जमीन में 250 एकड़ से अधिक सरकारी जमीन है। एसआईटी ने इसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी है। वित्त विभाग को भेजी गई रिपोर्ट में सरकारी जमीन का चिह्नांकन भी किया गया है। इसमें बताया गया कि अधिकांश जमीन को खुर्द-बुर्द कर दिया गया है। गौरतलब हो कि रजिस्ट्री फर्जीवाड़े की जांच के लिए गठित एसआईटी ने गोल्डन फॉरेस्ट के नाम पर खरीदी गई जमीन में सरकारी जमीन कब्जाने का मामला पकड़ा है। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि सरकारी विभागों को इस जमीन के बारे में जानकारी भी नहीं है। दरअसल जिले के कई इलाकों में गोल्डन फॉरेस्ट की भूमि है। खासकर विकास नगर, मिसरास पट्टी, मसूरी और धनोल्टी समेत आसपास के इलाकों में यह जमीन है।लंबे समय से गोल्डन फॉरेस्ट की जमीनों पर कब्जों के चलते राजस्व विभाग ने 454 हेक्टेयर भूमि विभिन्न सरकारी विभागों को आवंटित कर दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाई है। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि एसआईटी की रिपोर्ट मिली है। उसे पुलिस के पास भेज दिया है। गोल्डन फॉरेस्ट कंपनी ने वर्ष 1997 में देहरादून के आसपास 12 हजार बीघा भूमि खरीदी। इसमें सेबी के नियमों का पालन नहीं किया गया। कंपनी की ओर से स्थानीय लोगों से पैसा लेने के बाद दोगुनी रकम लौटाने का वादा किया गया। सेबी ने मामला संज्ञान में आने के बाद कार्रवाई की। उधर सुप्रीम कोर्ट ने भी कंपनी को भंग कर जमीन को राज्य सरकार में निहित कराया। जमीन की नीलामी कर निवेशकों का पैसा लौटाया जाना है।

# महिलाओं पर बर्बता भाजपा सरकार की दमनकारी मानसिकता : माहरा

## प्रदर्शन का वीडियो शेयर कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष आर्य ने जतायी नाराजगी

देहरादून/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने रूद्रपुर में महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती ज्योति रौतेला सहित महिलाओं के प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन के अमानवीय व्यवहार पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नाराजगी जतायी है। प्रदेश अध्यक्ष महारा ने सोशल मीडिया पर प्रदर्शन का वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि रुद्रपुर में नर्स के साथ हुए बलात्कार और हत्या के मामले में पुलिस और प्रशासन के रवैये को देखते हुए मंगलवार को महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने महिला कांग्रेस की नेत्रियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान, पुलिस प्रशासन द्वारा उनके साथ बर्बरता पूर्ण मारपीट की गई। पुलिस के पुरुष जवानों द्वारा जबरदस्ती लाठियों और हाथों से लताड़ा गया और उनके साथ बदसलूकी की गई। इससे उत्तराखंड पुलिस का घिनौना चेहरा फिर से जनता के सामने आया है। इससे स्पष्ट होता है कि उत्तराखंड में पुलिस कैसे महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करती है और अंकिता भंडारी तथा उत्तराखंड की अन्य बेटियों के साथ पुलिस का क्या सलूक रहा होगा, इसे आज के प्रदर्शन से समझा जा सकता है। वहीं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कांग्रेस की महिला नेत्रियों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों पर बर्बर, क्रूर, निंदनीय कृत्य करने का अरोप लगाया है। कांग्रेस नेता यशपाल आर्य का कहना है कि हमारी मातृशक्ति को दिए गए ये जख्म हुक्मरानों के दम्भ की दास्तान कह रहे हैं। विधि अनुसार विरोध व्यक्त करना संवैधानिक अधिकार है। यह दृश्य स्पष्ट बताते हैं कि सरकार पुलिस का उपयोग जनता के रोष, क्रोध के दमन व अधिकारों के हनन हेतु कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती ज्योति रौतेला के साथ भाजपा सरकार की पुलिस द्वारा किया गया व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या व घोर निंदनीय कृत्य है। महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों, बलात्कारों के विरोध में महिला हितों की आवाज बुलंद करने रुद्रपुर में आयोजित शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा महिलाओं पर बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया जाना, संवैधानिक अधिकार का हनन है। लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या व घोर निंदनीय कृत्य है और सरकार की दमनकारी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उत्पीड़न याद रहेगा और जनता भी हिसाब लेगी। नेता प्रतिपक्ष ने पुलिस प्रशासन के लिए नसीहत देते हुए कहा कि जब जनता सड़कों पर आती है तब सत्ता बदल भी जाती है। इसलिए सत्ता के दबाव में आकर असंवैधानिक कदम उठाने से बचें, जिससे आपको भविष्य में किसी भी प्रकार की असहज परिस्थिति का सामना न करना पड़े।

# गैरसैंण के पापियों को अपनाए हुए है भाजपा : हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने गैरसैण को स्थायी राजधानी को लेकर दिए बयान के बाद अब पूर्व सीएम विजय बहुगुणा एवं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की बयानबाजी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा है कि स्वाभाविक है, कुछ भाजपा के पाले में गये उज्याडू बल्द और भाजपा के माननीय प्रवक्ता गैरसैंण को लेकर मेरी तथ्यात्मक बात से बौखलाकर वक्तव्य दे रहे हैं। यह सत्यता है कि जिस तेजी से और जिस दिशा की तरफ 2016 में हमारी सरकार चल रही थी और हमने जो बजट पारित करवाया था, यदि सरकार भंग नहीं होती और विधानसभा द्वारा पारित बजट प्रस्तावों को 4 महीने उलझा नहीं दिया गया होता तो गैरसैंण के यक्ष प्रश्न का भी आज समाधान होता और 9 जिले भी अस्तित्व में आ गए होते। भाजपा न केवल गैरसैंण के पापियों को अपनाए हुए है, भाजपा ने अब विधानसभा का भी एक संस्था के रूप में अवमूल्यन कर दिया गया है। विधानसभा में पारित नगर निकाय आदि को लेकर के स्पीकर द्वारा पारित घोषित विधेयक को पर्वर समिति को भेजना विधानसभा के अवमूल्यन का सबसे ज्वलंत उदाहरण है और भाजपा यही नहीं रुकी है नगर निकायों, नगर पालिकाओं आदि के चुनाव में आसन्न हार से घबराई हुई पार्टी ने माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना करने का भी रास्ता निकाल रहे हैं।

# महिला उत्पीड़न रोकने के लिए करें प्रभावी कार्यवाही: डीएम

## डीएम ने दिए राजस्व वसूली लक्ष्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बुधवार को जिला सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए लम्बित वादों को शीघ्रता से निस्तारण करने व शतप्रतिशत राजस्व वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों के साथ समन्वय स्थापित कर आरसी का मिलान करते हुये वसूली को बढ़ाये। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त राजस्व वसूली लक्ष्य को समय से पूर्ण करें। उन्होंने सभी तहसीलदारों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के साथ ही आबकारी अधिकारी को राजस्व वसूली हेतु सभी पहलुओं पर रणनीति बना कर अवैध मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने हेतु नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने राज्य कर तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी राजस्व वसूली के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये



कि न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी की जाये ताकि पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि सम्मन समय से तामील हों तथा मुचलका आदि की कार्यवाही भी समय से पूर्ण की जाये। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला उत्पीड़न को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा अपराधों को नियंत्रण करने हेतु गुंडा एक्ट एवं गैगंस्टर एक्ट की कार्यवाही मजबूती से की जाये। उन्होने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आरटीओ व पुलिस विभाग कार्ययोजना बनाकर प्रभावी कार्यवाही करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, कौस्तुभ मिश्र, ओसी कलैक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डीजीसी बरीत सिंह, मनोज तिवारी, नन्दन सिंह धामी, अभिहित अधिकारी डॉ0 प्रकाश फुलारा, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला आबकारी अधिकारी एनआर जोशी, एआरटीओ विमल पाण्डे, चक्रपाणी मिश्र सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में गरजे कई श्रमिक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉल्फिन मजदूर संगठन के बैनरतले श्रमिकों ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान श्रमिक नेताओं ने कहा कि लम्बे समय से डॉल्फिन मजदूर संगठन श्रमिकों की समस्याओं को लेकर आंदोलनरत है लेकिन प्रशासन श्रमिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। इस दौरान श्रमिकों ने डॉल्फिन कंपनी सहित सिडकुल की सभी कंपनियों में शासन द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी का पूर्ण भुगतान करने, स्थाई मजदूरों को ठेकेदारी के तहत नियोजित करना बंद करने, स्थाई मजदूरों से जबरदस्ती दिलवाये गये त्याग पत्रों को निरस्त करने, निलंबित मजदूरों सहित सभी मजदूरों



की गेटबंदी समाप्त करने, स्थाई काम पर नियोजित सभी मजदूरों को स्थाई करने, बोनस अधिनियम लागू करने, श्रमिकों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लेने, गुंडा तत्वों के खिलाफ महिलाओं और मजदूरों द्वारा दी गयी तहरीर पर कार्यवाही करने की पुरजोर मांग की। विरोध प्रदर्शन में राम निवास, पंकज, दिनेश, कुलदीप, सोनू, राम बेटी, नन्ही देवी, ममता, विमला देवी, सीमा देवी, पार्वती, सुनील, मनोज सक्सेना, मीना, अनिल सक्सेना, प्रशांत सक्सेना, आकाश सक्सेना, ललित, वीरू सिंह, सोनू, ललित सक्सेना, बबलू, कंचन, विकास सक्सेना, विक्की, कृष्णा देवी, गंगा प्रकाश, पिंकी, रिहान, हरिओम, दीपक, राजेन्द्र कुमार, राजपाल, अरविंद, ओमप्रकाश, राहुल, नीरज, हरीश, इन्द्रजीत, सोनू सैनी, रवि, ज्ञान सिंह, राजीव, अनिकेत, राजा, राहुल, कमलेश, रूप चन्द्र, सुनील, रविन्द्र सिंह, राम निवास आदि समेत तमाम श्रमिक शामिल थे।

# आवारा पशुओं के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने तहसील का किया घेराव

लालकुआँ(उद संवाददाता)। हल्दूचौड़,जयपुर खीमा,मोटहलदू के ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों,समाजसेवियों, छात्र संघ के पदाधिकारियों ने युवा समाजसेवी विनीत कबडाल सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी व योगेश कपिल के संयुक्त



नेतृत्व में तहसील कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया और आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने तहसीलदार मनीषा बिष्ट को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा पशुओं के कारण फसलें बर्बाद हो रही हैं और सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल सहित तमाम संगठन कई बार प्रशासन को मामले की जानकारी दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पिछले कुछ महीनों में लालकुआं, हल्दूचौड़ और बिंदुखत्ता में आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है कई लोगों की जानें जा चुकी हैं और कई लोग घायल हुए हैं। समाजसेवी पीयूष जोशी ने कहा कि धर्म रक्षक धामी सरकार हिंदू धर्म की ध्वजवाहक गौ माता को सुरक्षित करने में विफल साबित हो रही है। लालकुआं विधानसभा में गंगापुर कबडाल व हल्दुचौड़ में गौशालाएं खोलकर सरकार ने इतश्री कर ली है जबकि क्षेत्र मे गौशाला होने के बावजूद उनमें लालकुंआ के ही जानवरों को रखने की अनुमति नहीं है व नगर निगम हल्द्वानी बाहरी पशुओं को हल्द्वानी से लाकर यहां भर रही है और यह कहा जा रहा है कि यह नगर निगम की गौशाला है । इस दौरान वर्तमान छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा ने दो टूक शब्दों में कहा कि ऐसी सड़क दुर्घटनाओं में दर्जनों से अधिक छात्र छात्राएं अपनी जान गवा चुके हैं सरकार को उनके लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करना चाहिए अन्यथा पूरे कुमाऊं विश्व विद्यालय का छात्र संघ व महासंघ इसके विरुद्ध बड़ा आंदोलन करेगा। ग्राम प्रधान रमेश जोशी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कीर्ति पाठक सहित कई ग्राम प्रधानों ने तत्काल कार्रवाई की मांग की और ऐसा न होने की दिशा में पूरी विधानसभा के ग्राम प्रधानों के साथ एक उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। युवा नेता हिमांशु कबड वाल ने तत्काल किसानो व मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान समाजसेवी राजेश अधिकारी, आनंद कबड वाल,दीपांशु कबडवाल, दीपू कबडवाल,कमल भट्ट ,रमेश जोशी, तनुज कबडवाल, दीपांसु कपिल आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पिथौरागढ़ में 4 आंतरिक संपर्क मार्गों के निर्माण हेतु 1.16 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्राम विकास विभाग के अंतर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विकासखंड मूनाकोट के जुलपाता से भटेड़ी तक संपर्क मार्ग के निर्माण हेतु 29.97 लाख, भटेड़ी से सिरोड़ी तक संपर्क मार्ग हेतु 44.42 लाख तथा मडसौन से डुगराकोट इंटर कॉलेज तक संपर्क मार्ग हेतु 17.94 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के ग्राम सभा बार्मो से हाई स्कूल तक आंतरिक संपर्क मार्ग निर्माण के लिए भी 23.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी है। इस प्रकार मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जनपद पिथौरागढ़ की कुल 04 आंतरिक संपर्क मार्गों के निर्माण हेतु 1.16 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र राजपुर के अंतर्गत अशासकीय डीएवी पीजी कॉलेज, देहरादून के बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन के निर्माण कार्यों हेतु आवश्यक उपकरण एवं सिंथेटिक टर्फ सहित प्रकाश व्यवस्था एवं फाल्स सीलिंग लगाए जाने के लिए 19.18 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी है।

# भगवान श्रीकृष्ण का संदेश जन जन के लिए अनुकरणीय: स्वामी हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के तीन दिवसीय विराट धर्म सम्मेलन के पहले दिन श्री हरि कृपा धाम आश्रम में भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों, संतों, गुरुओं व अवतारों की जयंती मनाना तभी पूर्णरूपेण सार्थक है जब उनसे प्राप्त शिक्षाओं, प्रेरणाओं व उपदेशों को अपने जीवन में उतारकर कल्याण पथ पर अग्रसर हो सकें। उन्होंने कहा कि जैसे श्रीराम कहते हैं 'सन्मुख होइ जीव मोहे जबहि, जन्म कोटि अघ नासहीं तबही" उन्होंने माखन चोरी, चीर हरण, अनेक रानी-पटरानी होते हुए भी योगीराज होने इत्यादि के सूक्ष्म रहस्य समझाकर लोगों द्वारा की जाने वाली शंका का पूर्ण





विज्ञान सम्मत समाधान किया। श्रीमद्भागवत गर्ग संहिता व महाभारत में से अनेक प्रसंग श्रीकृष्ण लीला के सुनाकर भक्तों को भाव विभोर व मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य भक्ति गीत नित्य महाराज जी ने प्रेम से गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। भाव विभोर होकर लोग नृत्य करने लगे। पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करते हुए इस बार भी आश्रम में महाराज जी ने वृक्ष लगवाए। स्वयं भी अपने कर कमलों से वृक्ष लगाए।महाराज श्री के दर्शनार्थ व दिव्य प्रवचनों को सुनने के लिए उमड़ता रहा।इस बार भी जन-जन के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण का पावन प्राकट्योत्सव श्री महाराज जी के संरक्षण, सानिध्य व अध्यक्षता में बहुत ही श्रद्धा पूर्वक उत्साह और प्रेम के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। श्री हरेश्वर महादेव का इस अवसर पर महाअभिषेक भी किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के प्रथम सत्र का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड हरीश रावत ने किया व रात्रि आठ बजे से बारह बजे तक के द्वितीय सत्र का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री व नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने किया। हजारों भक्तों के साथ साथ अनेक राजनेता, अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# राजकीय अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सीएम से मिलेगा शिष्ट मण्डल

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सरकारी अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक केसी पंत एवं चिकित्सा प्रभारी बी के सिंह से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने खटीमा सरकारी चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों एवं सुविधाओं के बारे में बातचीत की। जिसमें जानकारी देते हुए डॉ बी के सिंह ने बताया कि खटीमा नागरिक चिकित्सालय में 16 से अधिक डॉक्टर तैनात है 14 नर्सिंग अधिकारियों की पोस्टिंग मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश पर इसी वर्ष हुई है। ब्लड बैंक क्रियाशील है। बाल रोग विशेषज्ञ की आज ही पोस्टिंग हुई है। स्थाई सर्जन की व्यवस्था है। सीटी स्कैन चालू है। डायलिसिस यूनिट चल रही है। अल्ट्रासाउंड क्रियाशील है लगभग 200 मरीजों की निशुल्क खून जांच, मानसिक रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, रेबीज के इंजेक्शन भी उपलब्ध है। 700 से 800 मरीज प्रतिदिन सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल के समक्ष प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक ने सुरक्षा के लिऐ महिला पुलिसकर्मी तैनात करने की मांग की जिस पर सकारात्मक वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने तत्काल एसपी उधम सिंह नगर से वार्ताकर नागरिक चिकित्सालय में दो महिला पुलिसकर्मी तैनात करने की मांग की। जो जल्द ही नागरिक चिकित्सालय में सुरक्षा के लिए उपलब्ध रहेगी। प्रदेश कार्यकारिणी



सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि खटीमा नागरिक चिकित्सालय में अन्य चिकित्सकों की तैनाती के लिए एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की जाएगी। नागरिक चिकित्सालय के सौंदर्यीकरण के लिए एवं जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए भी जल्द अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर खटीमा की समस्याओं से अवगत कराएगा। नगर मंडल महामंत्री मनोज बाधवा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी खटीमा के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है किसी भी विभाग में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रहते खटीमा क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी, पार्टी कार्यकर्ता सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं को लेकर भी सजग हैं और जनता तक स्वयं पहुंचकर उन सुविधाओं का लाभ आम जनता को मिले ऐसा प्रयास कर रहे हैं।वार्ता करने वालों में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन बोरा, पूर्व सभासद गोकुल ओली, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सचिन रस्तोगी, जिला कार्यकारी सदस्य राहुल सक्सेना, भाजपा नेता भवानी भंडारी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रवीण शर्मा, मेहताब राजा, छात्र संघ उपाध्यक्ष शुभम पटवा, महिला मोर्चा की महामंत्री अनीता ज्याला, संतोष अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मिड कैरियर प्रोग्राम के अंतर्गत आकांक्षी जनपद कार्यक्रम की दी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी सचिव भारतीय एंबेसी टोक्यो, शिशिर कोठारी व त्सेतेन नोरडन कार्गयाल के द्वारा मिड कैरियर प्रोग्राम के अन्तर्गत 26 से 30 अगस्त तक उत्तराखण्ड राज्य के भ्रमण/ विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील द्वारा अवगत कराया गया कि नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अन्तर्गत आकांक्षी धनराशि प्राप्त हुई है, जिन्हें शिक्षा एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित कार्यों पर व्यय किया गया है। जनपद में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संवर्धन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के अन्तर्गत संकेतांकों के संतृप्तीकरण हेतु संचालित सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी के एसरावत, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा एसपी सिंह जिला अर्थ एवं संख्याधि





प्रशिक्षण कार्यक्रम पर है। उनके द्वारा मंगलवार 27 अगस्त को विकास भवन रूद्रपुर के गाँधी हाल में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम तथा आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम से सम्बन्धित जनपद एवं जनपदों की जारी प्रगति रिपोर्ट में माह मार्च, 2024 में जनपद ऊधमसिंह नगर की डेल्टा रैंक 22वीं रही है, जनपद को विभिन्न समयावधियों में अच्छे डेल्टा रैंक प्राप्त होने पर चार बार प्रोत्साहन विभिन्न संकेतांकों में सुधार हेतु सम्बन्धित विभागों द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी,गदरपुर द्वारा आकांक्षी जनपद कार्यक्रम तथा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत 6-6 कारी नफील जमील, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एसबी पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर आतिया परवीन, अधिशासी अभियन्ता पेयजल निगम, रूद्रपुर सुनील जोशी, आदि उपस्थित थे।

# श्री राम लीला मंचन संचालन कमेटी के राघव बने अध्यक्ष

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।क्षेत्र के सनातन धर्म मंदिर में श्री राम लीला मंचन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया,जिसमे सर्वसम्मति से सफल आयोजन के लिए संचालन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राघव सिंह,उपाध्यक्ष मनोज विश्वास,लक्की कालरा,रमन जायसवाल,सन्नी मित्तल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल,सचिव शिवम रस्तोगी, उपसचिव हर्ष वर्धन सिंह डायरेक्टर संजय गुप्ता,देवेंद्र मेहरोत्रा, मोनू डालमिया, संरक्षक कार्तिक रॉय,पंकज रॉय, जयंत मण्डल, मयंक अग्रवाल,संजय सिंघल,दीपक कालरा,रविन्द्र अग्रवाल ,सदस्य नितिन गुप्ता,नितिन जिंदल,डी एन चौधरी,सूरज दास,मुकेश मनोनीत किये गये।





कृष्ण बनो प्रतियोगिता में प्रतिभागी

# बालक वर्ग में ऋषभ और बालिका में डौली रही विजेता

गदरपुर। सकैनिया के मिनी क्रीड़ा हाल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिन के अवसर पर एक किमी दौड़



का आयोजन किया गया। हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस के पर सकनिया के मिनी क्रीडा हाल में कबड्डी की कोच शालनी आर्य व एथलीट के कोच वीरेंद्र के सानिध्य में प्रशिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अंडर 17 वर्ग के बालक व बालिकाओं की एक किमी दौड़ का आयोजन किया गया।दौड़ में 17 बालक व 7 बालिकाओं ने हिस्सा लिया जिसमे बालक वर्ग में ऋषभ कुमार प्रथम,सुमित कुमार द्वितीय व दिव्यांश कम्बोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वही वालिका वर्ग में डौली प्रथम,वंदना द्वितीय व खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी वीरेंद्र कुमार रावत ने विजेताओं को मैडल व ड्रेस देकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी व नैनीताल लोकसभा के मीडिया प्रभारी समाजसेवी पृथ्वी बजाज ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक बालिकाओ के उज्वल भविष्य की कामना की और यह भी कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को जिस भी प्रकार के सहयोग की अवश्यकता पड़ेगी उनकी हर संभव मदद की जायेगी। इस दौरान प्रशिक्षक ब्रजेश कुमार दुबे कबड्डी के प्रशिक्षक संदीप कुमार, बालीबाल के प्रशिक्षक धर्म सिंह ,कबड्डी की कोच शालनी आर्य, एथलीट के कोच वीरेंद्र ,जागन लाल,ठाकुर राम पाल सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# समाजसेवी संजय ने किया शोभा यात्रा का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर वॉर्ड नंबर 10 राजा कॉलोनी ट्रांजिट कैम्प में श्री शिव राधे कृष्ण मंदिर से शोभा यात्रा का शुभारंभ समाजसेवी संजय ठुकराल ने फीता काटकर किया। इस दौरान भगवान कृष्ण की शोभायात्रा पूरे ट्रांजिट कैंप के विभिन्न मार्गों पर होती हुई वापसी में राजा कॉलोनी श्री शिव राधे कृष्ण मंदिर में समापन हुआ। इस दौरान मंदिर कमेटी के सदस्यों ने समाजसेवी संजय ठुकराल को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर श्री ठुकराल ने कहा जन्माष्टमी का पर्व हर वर्ष श्रद्धा भाव और धूमधाम से मनाया जाता है ठुकराल ने कहा कि धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। धार्मिक पर्वो के पीछे कोई न कोई संदेश छिपा होता है। आज युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से विमुख होकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर भाग रही है। हमें युवा पीढ़ी को पाश्चात्य के अंधानुकरण से रोकना होगा। धर्म की



राह चलकर ही हम अपनी संस्कृति को बचा सकते हैं। इस दौरान मंदिर कमेटी के अशोक गंगवार, राजीव कश्यप, धर्मपाल कश्यप, संजीव रस्तोगी, टिंकल शुक्ला, नरेश गंगवार, नन्हे लाल, छत्रपाल गंगवार,हीरालाल, दुर्गेश श्रीवास्तव, विपिन राजपूत, गौरव शुक्ला, सनी जोहरी, आदेश गंगवार, रामपाल राठौर, बंटी कोली, ललित बिष्टआदि लोग उपस्थित थे।

# विकास शर्मा ने विभिन्न जन्माष्टमी पर कई कार्यक्रमों में की शिरकत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। जन्माष्टमी के विभिन्न कार्यक्रमों में विकास शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विकास शर्मा ने रुद्रपुर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की, जहां उन्होंने कई स्थानों से आई सुंदर-सुंदर श्री कृष्ण की झांकियों का अवलोकन किया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने विकास शर्मा का सम्मान किया। इसके बाद विकास शर्मा ने श्री अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित अग्रवाल समाज के कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने शहर के व्यापारियों और समाज के अन्य लोगों से मुलाकात कर उन्हें जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। विकास शर्मा ने मॉडल कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां स्थानीय लोगों ने उनका सम्मान किया। उन्होंने कॉलोनी के सभी लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव के कार्यक्रम में विकास शर्मा ने छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए श्री कृष्ण के कार्यक्रम को देखा और उनकी प्रस्तुति की सराहना करते हुए बच्चों को सम्मानित किया। अंत में, गंगापुर रोड स्थित शुभ डेल्स कॉलोनी पहुंचे, जहां उन्होंने कॉलोनी के सभी वासियों को शुभकामनाएं दीं और केक काटकर श्री कृष्ण जी का जन्मदिन मनाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विकास शर्मा ने क्षेत्र के सभी लोगों के साथ मिलकर जन्माष्टमी का पर्व मनाया और धार्मिक आयोजन का भरपूर आनंद लिया।









## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मिलावटी कारोबार पर अंकुश

खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले आम होने की वजह से आज हालत यह है कि कुछ भी खाकर आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता कि वह सुरक्षित और सेहत के लिए फायदेमंद है। मिलावट के कारोबारियों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि मिलावटी चीजें खाकर लोग बीमार हो गए या उनकी जान ही चली गई। सामान्य दिनों की इस विडंबना के बीच हैरानी की बात यह है कि पर्व-त्योहार के मौकों को भी नहीं बख्शा जाता और सिर्फ कमाई के लिए मिलावटी या फिर खराब हो चुके खाद्य पदार्थ बेचने में कुछ लोगों को हिचक नहीं होती।कई त्योहारों के मौकों पर खबर आती है कि कुट्टू का आटा खाने से कई लोग बीमार हो गए। कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं और अगर कभी कोई मामला तूल पकड़ लेता है तब यह आश्वासन जरूर दिया जाता है कि इस संबंध में जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मगर हकीकत यह है कि कुछ दिनों के बाद सब भुला दिया जाता है और हादसे होते रहते हैं।गौरतलब है कि वर्ष भर में आने वाले पर्व-त्योहारों के मौकों पर बहुत सारे लोग फल या अन्य खाद्य पदार्थों के साथ-साथ कुट्टू के आटे का भी सेवन करते हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मथुरा और आगरा में कृष्ण जन्माष्टमी पर उपवास के दौरान कुट्टू के आटे से बना 'फलाहार' खाने से पांच गांवों के सौ से ज्यादा लोग बीमार हो गए। कई लोगों की स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई। खबरों के मुताबिक, पीड़ित लोगों ने जहां से कुट्टू का आटा खरीदा था, वहां आटे की आपूर्ति करने वाली दो दुकानें सील कर दी गईं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मगर सवाल है कि आखिर यह कौन-सी मजबूरी है कि सरकार के संबंधित महकमे या खाद्य सुरक्षा विभाग तब तक लापरवाह बने रहते हैं, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। दूषित खाद्य सामग्री बेचने वालों की जांच और उनके खिलाफ कार्रवाई के मामले में अगर अनदेखी न की जाए, तो शायद इस तरह बड़ी संख्या में लोगों के जीवन पर जोखिम न पैदा हो।

# पारंपरिक विरासत पर आधारित फिल्म 'मीठी मां कु आशीर्वाद' 30 अगस्त से सिनेमाघरों में होगी प्रदर्शित

देहरादून (उद संवाददाता)। पूरे उत्तराखण्ड में 30 अगस्त से बहुप्रतिक्षित फिल्म 'मीठी-मां कु आशीर्वाद' रिलीज के साथ सिल्वर स्क्रीन पर अपनी समृद्ध खानपान की विरासत को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है राज्य की पहाड़ी खानपान की परंम्पराओं का जश्न मनाने वाली यह अनूठी फिल्म उत्तराखण्ड के सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। फिल्म के निर्माता वैभव गोयल ने बताया कि 'मीठी-मां कु आशीर्वाद' की कहानी को खूबसूरती से बुनती है जो एक गांव की लड़की है, जिसे अपनी मां की पाक कौशल और उत्तराखण्ड की समृद्ध खाद्य परंम्पराओं की विरासत मिली है। फिल्म में भोजन और लोगों के बीच के गहरे संबंध को दर्शाया गया है ,जिसमें बताया गया है कि कैसे उत्तराखण्ड के सरल लेकिन पौष्टिक व्यंजन, कहानी को आगे बढाते हैं और दर्शकों को पात्रों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्तराखण्ड के सुरम्य परिदृश्यों की पृष्ठ भूमि में बनी यह फिल्म मीठी के जीवन को दर्शाती है जिसमें में वह उन चुनौतियों का सामना करती है जो उसे अपना गांव छोडकर शहर में जाने के लिए मजबूर करती हैं। अपने पहाड़ी पारंम्परिक व्यंजनों के लिए उपहास का सामना करने के बावजूद मीठी की पाक कला की प्रतिभा सड़क किनारे के ढाबे के ग्राहकों से लेकर मास्टर सेफ शैली की प्रतियोगिता के जजों तक सभी को मंत्रमुग्ध करती है। फिल्म दर्शकों को एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाती है, जिसमें मीठी अपनी विरासत को संरक्षित करने, अतित के घाव को दूर करने और अपनी पैतृक भूमि पर गर्व करने वाले भविष्य का निर्माण करने का प्रयास करती है। उत्तराखण्डी भोजन, विशेष रूप से मोटे अनाजों से बने व्यंजन, पोषक तत्वों से भरपूर और स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं, फिर भी मुख्यधारा की बातचीत में इसका प्रतिनिधित्व कम ही होता है।गोयल ने बताया कि इस बात ने हमें एक ऐसी कहानी बनाने के लिए प्रेरित किया जो शहरी और समकालीन पृष्ठभूमि पर आधारित उत्तराखण्ड की संस्कृति, विरासत और पलायन के विषयों को छूती है। गोयल ने बताया कि फिल्म की शूटिंग उत्तरकाशी के जखोल गांव में की गई, जहां राजमा और सेब की खेती ने ग्रामीणों को अपनी आजीविका चलाने में सक्षम बनाया है। अतिरिक्त दृश्य देहरादून, हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, दिल्ली और नोएडा में फिल्माए गए हैं। पवनदीप राजन और विवेक नौटियाल के गीतों और आदी द्वारा रचित संगीत वाली फिल्म का जीवंत साउंडट्रैक फिल्म की अपील में इजाफा करता है। कांता प्रसाद द्वारा निर्देशित और कलर्ड चेकर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले वैभव गोयल द्वारा निर्मित 'मीठी-मां कु आशीर्वाद' उत्तराखण्ड के लोगों का दिल छू लेने वाली कहानी, शानदार दृश्यों और भावपूर्ण संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। यह फिल्म 30 अगस्त को देहरादून के सैंट्रियो मॉल, ऋषिकेश के रामा पैलेस, विकासनगर के न्यू उपासना सिनेमा, रूड़की के आरआर सिनेमा और कोटद्वार के केए सिनेमा में एक साथ रिलीज होगी। बहुप्रतिक्षित फिल्म की स्टार कास्ट भी प्रेस कॉफ्रेंस में मौजूद रही, जिसमें मुख्य अभिनेत्री मेघा खुगशाल के साथ मुख्य अभिनेता मोहित घिल्डियाल भी शामिल थे जिनके साथ सहायक अभिनेता नवल सेमवाल और पार्थ कोटियाल भी शामिल हुए।साथ ही पद्मेन्द्र रावत, मुकेश शर्मा, अंजली रमोला, संदीप नायक, रणवीर चौहान, नीलम रावत, संजय बडोनी, राजश नौंगाईं, राजीव शुक्ला और रोमा पंडित शामिल थे।




# प्राथमिकता से होगा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला सैनिक कल्याण परिषद की त्रैमासिक बैठक डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में लेते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान करना सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि सैनिक की समस्याओं का पंजीयन के लिए जिला कार्यालय में नोडल अधिकारी बनाये गये है तथा प्रत्येक तहसील में भी नोडल अधिकारी नामित किये जायेगे ताकि पूर्व सैनिकों की समस्याओं को पंजिका में अंकन कर शीघ्रता से समाधान किया जा सके व उनकी मॉनिटरिंग भी की जायेगी। जिलाधिकारी ने सैनिक संगठों की मांग पर प्रत्येक ब्लांक में सैनिक मिलन केन्द्र बनाने हेतु शीघ्र प्राथमिकता से भूमि चयन करने के साथ ही सुविधाजनक स्थान पर बनाने का आश्वासन दिया, साथ ही शहीद सैनिकों के नाम पर सड़के, विद्यालय के नामकरण के साथ ही शहीद सैनिक द्वार भी बनाये जायेगें।बैठक में पूर्व सैनिक पुष्कर सिंह बोरा ने कहा कि खटीमा , सितारगंज, नानकमत्ता पूर्व सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है इसलिए क्षेत्र की सड़कों स्कूलों का नामकरण शहीद सैनिकों के नाम पर करने तथा शहीद गेटों की रंगाई-पुताई कराने का अनुरोध किया। पूर्व सैनिक सू0 मेजर केएस कार्की ने पूर्व सैनिकों द्वारा जनजाति कृषकों से भूमि क्रय की गई है भूमि पर बिना सत्यापन किये ऋण न दिये जाने का अनुरोध के साथ ही प्रत्येक ब्लांक में सैनिक जन मिलन केन्द्र बनाने तथा प्रत्येक मुख्यालय में पूर्व सैनिक लीग कार्यालय हेतु भूमि दिलाने के व भूमि चयन तक इन्द्रा चौक के पास पूर्व सैनिक कल्याण कार्यालय में सैनिक लीग कार्यालय संचालन कराने का भी अनुरोध किया। धन सिंह कोरंगा ने रूद्रपुर से गूलरभोज तक रोडवेज की बस संचालित करने, कैप्टन आत्मा सिंह ने पूर्व सैनिकों को रोजगार में प्राथमिकता देने व टोल टैक्स माफ करने का अनुरोध किया। आकै भगत सिंह ने शस्त्र लाइसेंस ऑनलाइन स्थानांतरण करने तथा जिला शस्त्रागार में पूर्व सैनिकों के शस्त्र रखने का अनुरोध किया। बैठक में ओसी डॉ0 अमृता शर्मा, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेनि0 कर्नल सीपी पुन, एसीएमओ डॉ0 एसपी सिंह, पुलिस उपाधीक्षक आरडी मठपाल, पूर्व सैनिक राजेश दुर्गापाल, महिपाल सिंह कोश्यारी, भगवान सिंह, आरडी भट्ट, कल्याण सिंह, टीएस नेगी, बीएस नेगी, भेजराज सिंह, जगमोहन सिंह, देवी दत्त, किशन चमोली सहित विभिन्न सैनिक संगठनों के पूर्व सैनिक व पदाधिकारी मौजूद थे।



# सदस्यता अभियान को लेकर ली कार्यकर्ताओं की बैठक

बाजपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान कार्यशाला बैठक सुल्तानपुर पट्टी मंडल का अयोजन नगर पंचायत के वार्ड आर्य नगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि अटल जी ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता साल के 365 दिनों तक काम करने वाले कार्यकर्ता हैं ना कि बरसात के समय दिखाने वाले कुकुरमुत्तों की तरह केवल चुनावी पर्व के समय दिखाने वाले कार्यकर्ता। वह बिना रुके बिना थके जन सेवा के भाव से काम करते हैं। भारतीय जनता पार्टी के अंदर हर राष्ट्रवादी कार्यकर्ता का स्वागत है। पार्टी असीमित कार्यकर्ताओं को विधानसभा क्षेत्र बाजपुर



में जोड़ेगी। सदस्यता अभियान 1 सितंबर से 15 अक्टूबर तक होने वाला है। मौजूदा समय में देश के अंदर 23 करोड़ से भी ज्यादा लोगों ने भाजपा को वोट देकर स्थापित किया है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता, राजीव सैनी ,शिव्बू गुप्ता, प्रदेश मंत्री, ओबीसी मोर्चा कमलेश कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य टिंकू तोमर एवं महामंत्री गुरमुख सिंह, संजय कश्यप, यासीन शेख, नन्हे आचार्य,मन्नू सिंह, राधा मौर्य, किरण मौर्य, रितु अग्रवाल, सरताज आलम, जॉनी मौर्य, जीतू तोमर, अनुभव शर्मा, आनंद सैनी, शमशाद हुसैन सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत सेमिनार आयोजित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित पॉलिटैक्निक इंजीनियरिंग संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस में दिनांक 22.08.2023 से 28.08.2023 तक एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत सेमिनार कार्यक्रम तथा स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में संस्थान के लगभग 550 छात्र-छात्राओं भाग लिया। संस्थान के प्रवक्ता सोमेन्द्र द्वारा एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम में रैगिंग के बुरे परिणामों के बारे में अवगत कराया एवं इस पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाये गए पोस्टर का अवलोकन कर प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार से सम्म्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एंटी रैगिंग








कमेटी के सदस्य ललित भट्ट ,श्वेता रावत, पूजा वाल्मीकि, नीता कोरंगा, गीता आर्य, मुनीश कुमार एवं नेहा मंडल ने अपने-अपने विचार रखे। संस्थान के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार,चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट प्रतिनिधि वंश डाबर, शौर्य अरोरा, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला व विभागाध्यक्ष ललित भट्ट ,नर्सिंग की विभागाध्यक्षा कल्पलता सिंह, पैरामेडिकल विभागाध्यक्षा मिली मंडल ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने सेमिनार के उपरांत सभी छात्रों को रैगिंग की किसी भी गतिविधि में शामिल न होने के लिए प्रेरित किया।

# हल्दूचौड़ स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली पर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

हल्दूचौड़(उद संवाददाता)। हल्दूचौड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपेक्षा और उदासीनता का प्रतीक बन गया है। करोड़ों रुपये के निवेश के बावजूद, 30-बेड के सीएचसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों, बुनियादी सुविधाओं और उपकरणों की कमी है, जिससे मरीजों को अन्य जगहों पर चिकित्सा सुविधा लेनी पड़ती है। सीएचसी को 2014 में मंजूरी दी गई थी, लेकिन सरकार में बदलाव के कारण 2017 में इसका निर्माण और उद्घाटन देरी से हुआ। स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने सरकार को केंद्र का उद्घाटन करने का आदेश दिया। लेकिन इसके उद्घाटन के बावजूद, केंद्र में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी है। बता दें मरीजों को निजी प्रयोगशालाओं में जांच करानी पड़ती है या बेहतर उपचार के लिए अन्य शहरों में जाना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए स्थिति विशेष रूप से दयनीय है। केंद्र केवल सामान्य बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी और बुखार के लिए दवाएं प्रदान करता है, और महिला मरीजों को महिला डॉक्टरों और सुविधाओं की कमी के कारण परेशानी होती है। राज्य मानवाधिकार आयोग ने पीयूष जोशी द्वारा दायर शिकायत का संज्ञान लिया है और मामले में रिपोर्ट मांगने के लिए नैनीताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोटिस जारी किया है, जो 4 नवंबर 2024 तक प्रस्तुत की जानी है। क्षेत्रवासियों ने सरकार से केंद्र में संकट को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई करते हुए विशेषज्ञ डॉक्टर और एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने, महिला डॉक्टर और महिला मरीजों के लिए सुविधाएं प्रदान करने, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीनें लगवाने की मांग की है।



# वैज्ञानिकों का 'कमाल', 'भंगजीरा' से विकसित किया 'कैप्सूल'

-अर्श-

**सगंध पौध केंद्र सेलाकुई ( कैप ) के वैज्ञानिकों ने आठ साल के शोध के बाद उत्तराखंड को चीन जापान देश के समकक्ष खड़ा किया, भंगजीरा की नई प्रजाति विकसित करने में पाई सफलता, उत्तराखंड के भंगजीरा की इस नई प्रजाति को पहली बार मिला यूएस पेटेंट, अब व्यावसायिक उत्पादन की तैयारी**

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सेलाकुई स्थित सगंध पौध केंद्र सेलाकुई के वैज्ञानिकों ने आठ साल की अथक मेहनत के बाद भंगजीरा की नई प्रजाति विकसित करके भंगजीरा से ओमेगा-3 कैप्सूल तैयार करने के मामले में सूबे को चीन जापान, कोरिया एवं थाईलैंड जैसे देश के बराबर ला खड़ा किया है। विदित हो कि सगंध पौध केंद्र सेलाकुई (कैप) के वैज्ञानिकों को उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले भंगजीरा की एक ऐसी प्रजाति विकसित करने में सफलता मिली है, जो ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर है ,साथ ही इसके एंटीऑक्सीडेंट एवं अन्य गुण।कॉड लिवर ऑयल के बराबर हैं ।कैप के शोधकर्ताओं के उपरोक्त शोध के बाद अब भंगजीरा के बीज का इस्तेमाल केवल चटनी या मसाले तक सीमित नहीं रहा।अब सगंध पौध केंद्र सेलाकुई की ओर से विकसित की गई भंगजीरा की नई प्रजाति कैफेमा के बीज के तेल से ओमेगा कैप्सूल तैयार किए जाने लगे हैं। खास बात तो यह है कि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नई प्रजाति को यूएस पेटेंट भी प्राप्त हो चुका है, जो देश में भंगजीरा की किसी प्रजाति पर मिला पहला पेटेंट है। सगंध पौध केंद्र ओमेगा कैप्सूल बनाने के लिए अब कई फार्मा कंपनियों के साथ अनुबंध करने की तैयारी कर रहा है । उल्लेखनीय है कीभंगजीरा की खेती चीन, जापान, कोरिया, थाईलैंड समेत अन्य एशियाई देशों में भी की जाती है, मगर उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में लोग केवल अपने



इस्तेमाल के लिए भंगजीरा का उत्पादन करते हैं, लेकिन भंगजीरा के बीज का मूल्य संवर्धन किए जाने के उपरांत अब सगंध पौध केंद्र की ओर से किसानों को भंगजीरा की व्यावसायिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा, जिससे किसानों को आमदनी बढ़ सके । बताना होगा किभारत में अभी तक मछली के तेल और कॉड लीवर ऑयल से ही ओमेगा-3 कैप्सूल बनाए जाते हैं, लेकिन अब नए शोध के बाद शाकाहारियों के लिए भीतर ओमेगा कैप्सूल का विकल्प मिला गया है है। कैप के वैज्ञानिकों ने इसके लिए उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में 12 अलग-अलग स्थानों पर भंगजीरा के बीज एकत्रित कर आठ साल तक शोध किया किया है, जिससे यह निष्कर्ष सामने आया कि भंगजीरा बीज के तेल में फैटी ऑयल ओमेगा की मात्रा अधिक है, जो शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है।इसे साथ ही रक्त के थक्के रोकने, पाचन, कोलेस्ट्राल को नियंत्रित करने, प्रतिरोध क क्षमता बढ़ाने, नवजात शिशु के दिमाग का विकास, त्वचा, बालों की पोषकता का विकास, एलर्जी को कम करने व अल्जाइमर में लाभदायक है।

# श्री गोलोक सेवा धाम में धूमधाम से मनाया गया नंद उत्सव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का अवसर पर श्री गोलोक सेवा धाम कनकपुर में भी नंद उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव में भाजपा जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला और समाजसेवी व भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने भी गोलोक सेवा धाम पहुंचकर नंद उत्सव में प्रतिभाग किया और भगवान कृष्ण का छप्पन भोग लगाकर अभिषेक किया गया। इस मौके पर दोनों द्वारा गौ माता की सेवा की गई। नंद उत्सव के दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया । श्री चुघ ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जाता है और भगवान कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने पूरी दुनिया को एक नई राह दिखाई। उनके द्वारा बताए गए सत्य के मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति अपने लोक और परलोक को सुधार सकता है। श्री चुघ ने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है,हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है और हर व्यक्ति जो गौ माता में आस्था रखता है वह उनकी सेवा अवश्य करें। इस दौरान चंद्र अरोड़ा, महंत नारद जोशी, नरेंद्र ठुकराल,राज गगनेजा, अमित मदान, सोनू गाबा, विनोद मदान, वरुण मदान, मुलखराज ठुकराल ,बिट्टू , केशव मदान ,माधव अरोड़ा ,केशव अरोड़ा, रचना अरोड़ा ,गीता जोशी ,शिखा अरोड़ा ,पूजा मदान, नेहा ,राज कोली आदि थे।





# शहीद उधम सिंह के नाम पर हो सिसौना डिग्री कॉलेज का नाम

सितारगंज( उद संवाददाता)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दर्शन सिंह के साथ शहीद ऊधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने सिसोना स्थित राजकीय महाविद्यालय का नाम युवा क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह जी के नाम पर रखने के लिए उपजिलाधिकारी को मांगपत्र दिया।उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन प्रषित किया। जिसमें शहीद उधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि ट्रस्ट लगातार रक्तदान शिविर व अनेक समाजिक कार्य पिछले चार वर्ष से सेवा कर रही है। इसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरवीर सिंह, नवीन जोशी,रवि सिंह. विकास चंद मनविंदर सिंह बावा इंदरजीत सिंह तजिंदर सिंह, दर्शन सिंह आदि मौजूद थे।



# रुद्रपुर राइजिंग ने छात्राओं को मासिक धर्म के प्रति जागरूक किया

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कालेज कनकपुर में बुधवार को रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम में लगभग 100 किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। रुद्रपुर राइजिंग की महिला अध्यक्ष चंद्र कला राय ने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं के शरीर में होने वाली एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो हर माह होती है। इस दौरान महिलाओं में कई तरह के हार्मोनल बदलाव आते हैं। इससे उनका व्यवहार और शारीरिक गतिविधियां भी बदल जाती हैं। उन्होंने चार्ट के माध्यम से मासिक चक्र की जानकारी दी।राय ने कहा कि समाज में आज भी लोगों को लगता है कि मासिक धर्म अपराध है। इस वजह से लड़कियों में हीनभावना तथा शर्म व झिझक बनी रहती है। इसे लोगों को जागरूक कर ही दूर किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि हर महिला इस मासिक चक्र से गुजरती है। मासिक धर्म प्रकृति से जुड़ी प्रक्रिया है। महिलाओं के पीरियड्स आमतौर पर 28 दिनों के भीतर आते हैं, और ये पांच दिनों तक रहता है। इसी कारण हर साल के पांचवें महीने मई की 28 तारीख को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि आज भी कुछ गांवों में अलग-अलग भ्रांतियां हैं। इसमें पीरियड्स के दौरान किचन में न जाना, अचार को न छूना, मंदिर से दूर रहना आदि शामिल हैं।माहवारी के दौरान साफ सफाई स्वच्छता एवम प्रयोग के बाद पैड का सही निष्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान जैन महिला मंडल ने छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए। इस मौके पर कालेज परिसर और राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक दर्जन छायादार पौधे रोपे गए। इस दौरान प्रधानाचार्य अवधेश कुमार गिरि,अरविंद मिश्रा,अनिल कुमार,विनय कुमार,अजय चौहान,सुमन मिश्रा,अनुपम सिंह, रश्मि शर्मा,मेरी थापा,स्वाति जैन,सारिका जैन,रीता जैन, रुचि जैन, रेनू जैन,श्रीमती ज्योत्सना जैन, उषा जैन,शालू,पूनम आदि मौजूद थी।






